**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## एक–दिवसीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा

पंतनगर। 17 सितम्बर 2023। विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय में एक–दिवसीय खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन स्टीवेंसन स्टेडियम में छात्र खेल समिति स्फूर्ति (पार्थ कुमार, श्रेया बिष्ट, आरती यादव एवं सुमित लोहनी) व मैनजमेंट सोसायटी (आशुतोष वर्मा) के सौजन्य से कराया गया जिसमें मुख्य अतिथि अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय डा. आर.एस. जादौन व विशिष्ट अतिथि डा. पूनम त्यागी शारीरिक शिक्षा, सह निदेशक प्रभारी के अधिष्ठान में छात्रसंघ एमबीए पाठ्यक्रम 1 एवं एमबीए पाठ्यक्रम 2 एवं स्टॉफ काउंसलर डा. स्नेहा दोहारे द्वारा आयोजन करवाया गया जिसमें सम्मानित संकाय सदस्य डा. सौरभ सिंह व डा. निर्देश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ–चढ़ कर हिस्सा लिया रस्सा–कसी के प्रथम चरण में छात्र वर्ग से पीजीपी–02 विजेता रहा, वही छात्रा वर्ग में पीजीपी–01 विजेता रहे। बैडमिंटन की छात्रा एकल प्रतियोगिता में पीजीपी–01 से दीपा बिष्ट विजेता रही एवं बैंडमिंटन छात्र एकल प्रतियोगिता में पार्थ कुमार विजेता रहे। बैडमिंटन की छात्रा डबल्स प्रतियोगिता में श्रेया बिष्ट एवं कृतिका रौतेला विजेता रहे एवं छात्र डब्लस में सुमित लोहनी एवं आशुतोष वर्मा विजेता रहे। छात्रों ने स्टेडियम में खेलकूद में भी आगे रहने का और महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का नाम सदैव सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया।